कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, घनसाली, मुख्यालय–घुमेटीधार
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
TEMPORARY DIVISION, PUBLIC WORK DEPARTMENT,
GHANSALI, HEAD QUARTER-GHUMETIDHAR

**P.O. Pilkhi, Pin Code-249181** **Phone and Fax No. 01379-258327**
**Website- http://pwd.uk.gov.in** **E-Mail :-eepwdghansali@rediffmail.com**

पत्रांक :–1128 / 10 Mg दिनांक–22 / 08 / 2019

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी।

विषय :– जनपद–टिहरी गढवाल के विकास खण्ड–भिलंगना में कर्णगांव से राजराजेश्वरी मन्दिर तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 3.2375 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (FP/UK/ROAD/14272/2015)।

सन्दर्भ :– भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र) 25 सुभाष रोड़ के फाईल संख्या– 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 144 / 2016 / FC / 869, दिनांक– 24.07.2019।

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र में EDS जिसमें दिनांक–20.07.2016 द्वारा प्रस्ताव पर 10 बिन्दुओं पर वांछित सूचनायें चाही गयी थी। जिनकी अनुपालन आख्या राज्य सरकार द्वारा 03 वर्ष बीत जाने के पश्चात दिनांक– 29.06.2019 द्वारा प्रस्तुत की गयी थी। उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत मोटर मार्ग मे 5 कि0मी0 लम्बाई के सापेक्ष 4538 मीटर लम्बाई (3.177 है0) में वनभूमि होने के कारण मलवा निस्तारण हेतु बनाये जाने वाले डम्पिंग जोन हेतु नाप भूमि उपलब्ध नहीं हो पायी थी, तत्पश्चात स्थानीय काश्तकारों से डम्पिंग जोन बनाने हेतु नाप भूमि की मॉग की गई किन्तु काश्तकारों द्वारा नाप भूमि विभाग को उपलब्ध कराने में काफी समय व्यतीत होने के पश्चात सहमति जताई गयी।

चूकिं प्रस्ताव वर्ष 2015 में ऑनलाईन किया गया था। जिसके पश्चात वन विभाग द्वारा कुछ नये प्रपत्र समय–समय पर जारी किये गये, जो कि इस खण्ड को अप्राप्त थे। उक्त प्रपत्रों को अन्य खण्डों से प्राप्त करने के पश्चात पुनः अतिरिक्त सूचनायें संकलित की गई। जिनकों हस्ताक्षर हेतु भी समय लगना स्वभाविक था। तत्पश्चात उक्त EDS के 10 बिन्दुओं पर विस्तृत सूचना तैयार कर ऑनलाईन करने के फलस्वरूप इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–590 / 10एम0जी0, दिनांक–26.04.2018 द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग नई टिहरी कार्यालय को 05 मूल प्रतियों में प्रेषित की गई थी। तत्पश्चात प्रभागीय वनाधिकारी, नई टिहरी द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक संख्या–3093 / 12–1 दिनांक–28.12.2018 द्वारा उक्त 10 बिन्दुओं की सूचना वनसंरक्षक भागिरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती को प्रस्तुत की गयी थी। कार्यालय वनसंरक्षक भागिरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती के कार्यालय पत्रांक संख्या–1066 / 12–1 मुनिकीनेती, दिनांक– 08.01.2019 द्वारा अपर प्रमुख वनसंरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन सरक्षण भूमि सर्वेक्षण निदेशालय इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को प्रेषित कर दी गई थी।

**क्रमशः– 2**

उपरोक्त मोटर मार्ग में नोडल कार्यालय द्वारा पुनः दिनांक–16.01.2019 को 06 बिन्दुओं पर आपत्ति लगाई गई। जिनका निराकरण कर ऑनलाईन करने के फलस्वरूप प्रभागीय वनाधिकारी नई टिहरी द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक संख्या–3425 / 12–1, दिनांक'– 04.06.2019 द्वारा सूचना वनसंरक्षक भागिरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती को प्रेषित कर दी गयी थी। कार्यक्षेत्र उद्‌देश्य एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के सन्दर्भ में मूल प्रस्ताव में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि पूर्व में ऑनलाईन किये गये प्रस्तावों में समस्त प्रपत्रों एवं स्थलीय संमरेखण में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि उक्त बन्द हुए प्रस्ताव को **Re-opening of case** के तहत खुलवाने हेतु अपने स्तर से अग्रिम कार्यवाही करने की कृपा करें।

22/08/19

(इं0 नवीन लाल वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता,
अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली,
मुख्यालय–घुमेटीधार